# 10 मई से 11 जून तक तीन चरणों में होनेवाला महाजन आंदोलन ऐतिहासिक होगा : देवेन्द्रनाथ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चक्रधरपुर।** 60-40 नियोजन नीति के विरुद्ध 10 मई से 11 जून तक तीन चरणों में चलने वाले महाजन आंदोलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने को लेकर कोल्हान प्रमंडल के **हो समाज, मुंडा समाज, संथाल समाज, कुड़मी** समाज के अलावा अन्य सामाज के लोग आगे आयें। इसको लेकर सोमवार को चक्रधरपुर स्थित वन विश्रामागार में बैठक की गयी। बैठक में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के सदस्य, कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला के विभिन्न छात्र संगठनों के नेतृत्वकर्ता और विभिन्न सामाजिक संगठन जैसे हो समाज, संथाल समाज, मुंडा समाज, कुड़मी समाज के लोग एवं अन्य समाज के लोग शामिल हुए।

इस मौके पर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि तीन चरणों में होने वाले आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए देशाउली, जाहिरा, सरना स्थल, मांझी थान में बैठक कर सखूवा पत्ता लेकर चौक, चौराहा, हाट बाजार में नगाड़ा बजाकर लोगों को एकजुट करना होगा। वहीं प्राचीन पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के तहत आंदोलन करना होगा।

इस मौके पर चक्रधरपुर के छात्र नेता बसंत महतो और वासिल हेंब्रम ने बताया कि 60-40 नियोजन नीति के विरोध में अब चरणबद्ध तरीके से आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी।

बैठक में तय हुआ कि पहले चरण में 10 मई से 25 मई तक सभी 81 विधायक और 14 सांसद से समर्थन पत्र लिया जायेगा। दूसरे चरण में 26 मई से 6 जून तक सभी प्रखंडों में बैठक कर मांझी थान/ जाहिरा/ सरना स्थल से नगाड़ा व सखूवा पत्ता लेकर हाट व बाजार में घुमाया जायेगा। तीसरे चरण में 10 व 11 जून को पूरे 48 घंटा झारखंड में आर्थिक नाकेबंदी की जायेगी। बैठक में छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, बसंत महतो, वासिल हेंब्रम, किशोर कुमार, कुश माझी, रवि, हिमांशु, बालकिशोर, समीर, प्रताप, ओमप्रकाश, संजय, धरमवीर,राजेंद्र आदि शामिल थे।

## सुगम यातायात के लिए शहर छह जोन में बांटा, उपायुक्त बोले

# शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए उठाये जा रहे ठोस कदम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए शहर को छह जोन में बांटा गया है। इन सभी जगहों पर अव्यवस्थित ट्रैफिक बूथ, विज्ञापन बोर्ड व बिजली के खंभे को स्थानांतरित करने, सड़क की मरम्मति करने, फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं बेतरतीब ऑटो-साइकिल स्टैंड को हटाने का निर्देश इसके पहले की बैठकों में दिया गया था। अभी तक इसपर कितना कार्य पूरा हुआ, उसके बारे में बैठक में बताया गया।

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों को जाम मुक्त शहर बनाने के लिए और कड़ी मशकत करने का निर्देश दिया। रातू रोड में जाम से निपटने के लिए कई उपाय हुए हैं, लेकिन कारगर सिद्ध नहीं हो रहा। डीसी ने जाम से निजात के लिए ठोस कार्रवाई के सुझाव दिये। बिना परमिट ऑटो के परिचालन पर रोक लगने से भी जाम कम होगा।

बैठक की अध्यक्षता रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने की। समाहरणालय कांफ्रेंस में हुई बैठक में एसएसपी रांची कौशल किशोर, एसपी यातायात एचबी जमां, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची राजेश्वरनाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रवीण कुमार प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) जीतवाहन उरांव उपस्थित थे।



### उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की आदि मौजूद रहे। डीसी ने ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया गया। डीसी ने आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। निर्धारित समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

## जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में गड़बड़ी मामला

# अनुसंधानकर्ता को हाईकोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में अनुसंधानकर्ता (आईओ) को अगली सुनवाई (19 जून) में केस डायरी के साथ सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अबतक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुका है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि एफआईआर होने के बावजूद भी अभी तक जांच नहीं हो रही है। पूर्व की सुनवाई मामले में राज्य के डीजीपी की ओर से हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया गया था। इसमें बताया गया है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, अब आगे की जांच की जा रही है। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में गड़बड़ी की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जमशेदपुर एसएसपी को पत्र लिखा गया था। कोर्ट ने मामले में गृह सचिव, डीजीपी, जमशेदपुर एसएसपी को प्रतिवादी बनाया था।

### झारखंड में अगले कुछ दिनों में तापमान में होगी वृद्धि

**रांची।** झारखंड में आने वाले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। चार दिनों के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। वहीं, नौ मई को राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। दस मई से फिर से मौसम साफ रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। आनंद ने बताया कि 8 मई को राज्य का अधिकतम तामपान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। आने वाले कुछ दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना व्यक्त की गयी है।

**11 से 13 मई तक बादल छाये रहने की संभावना**

विभाग ने बताया कि 11 मई से 13 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। इस दौरान कुछ इलाकों में धूप का भी एहसास लोगों को होगा। हालांकि बारिश की संभावना व्यक्त नही की गयी है।

## नगर निगम चुनाव : निवर्तमान पार्षदों की याचिका पर नहीं हो पायी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में नगर निगम चुनाव कराने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई टल गयी है। यह मामला आज न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में सूचीबद्ध था, लेकिन किसी कारण वश इस मामले की सुनवाई नहीं हो पायी। अब अदालत निवर्तमान पार्षदों की याचिका पर सुनवाई के लिए कौन सी तिथि निर्धारित करता है यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा। बता दें कि नगर निगम चुनाव कराने और चुनाव होने तक निवर्तमान पार्षदों को अवधि विस्तार देने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है।

**नगर निगम का चुनाव नहीं होने से कई काम प्रभावित :** रांची नगर निगम की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो, विनोद सिंह, सुनील यादव, अरुण झा एवं अन्य ने इस संबंध में रिट याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि नगर निगम के पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के पहले ही सरकार को चुनाव कराना चाहिए, म्यूनिसिपल एक्ट की धारा 20 में भी इसका उल्लेख है। नगर निगम का चुनाव नहीं होने से कई काम प्रभावित हो गये हैं। जनता से जुड़े सारे कार्य अधिकारियों के जिम्मे सौंप दिये गये हैं। सरकार के इस फैसले से परेशानी हो रही है।

## खबर एक नजर में

### महिला पत्रकार और उसके बेटे की मौत

**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी में महिला पत्रकार और उसके बेटे की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह महिला पत्रकार सुधा श्रीवास्तव और उसके एकलौते बेटे की मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी गई। जानकारी के मुताबिक महिला पत्रकार सुधा श्रीवास्तव काफी लंबे समय से बीमार चल रही थी और उनकी अचानक स्थिति गंभीर हो गई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। इसे देख कर बेटा परेशान हो गया और ऊपर के कमरे से जल्दबाजी में नीचे आने के दौरान सीढ़ियों से नीचे गिर गया। महिला पत्रकार के बेटे को एंबुलेंस से हॉस्पिटल भेजा गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

### उषा मार्टिन के जीएम को नहीं मिली एबीपी

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 190 करोड़ रुपये के अवैध लौह अयस्क खनन मामले में मनी लाउंड्रिंग के आरोपी कोलकाता निवासी उषा मार्टिन के जीएम (मार्केटिंग) प्रमोद कुमार फतेहपुरिया (60) को अदालत ने अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। इससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई है। अदालत ने आरोपी की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपी की याचिका पर अदालत ने 20 अप्रैल को सुनवाई प›ात सुरक्षित रख लिया था। आरोपी ने बीमारी और उम्र का हवाला देते हुए नौ मार्च को याचिका दाखिल की गई थी। आरोपी पर प›िम सिंहभूम की घाटकुरी खदान से तय सीमा से 190 करोड़ रुपये मूल्य के अधिक लौह अयस्क खनन करने का आरोप है। सीबीआई ने इस मामले में सितंबर 2016 को उषा मार्टिन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसी को ईडी ने 2021 में टेक ओवर किया है। मामले में ईडी ने आरोपियों के खिलाफ मई 2021 में ही चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

### हाईकोर्ट ने सीबीआई से सांसद-विधायकों पर दर्ज मामलों की मांगी अद्यतन रिपोर्ट

**रांची।** राज्य के सांसदों और विधायकों पर दर्ज आपराधिक मामले के शीघ्र निष्पादन को लेकर हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वत: संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका और इसी मामले में दुर्गा मुंडा द्वारा दायर जनहित याचिका सहित इस मामले से संबंधित अन्य जनहित याचिका को सूचीबद्ध कर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में सभी पक्षों को सुनने के उपरांत सीबीआई को 2 सप्ताह के भीतर अद्यतन स्थिति शपथ पत्र के माध्यम से दायर करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी। पूर्व में अदालत ने राज्य सरकार, सीबीआई और ईडी को मामले में जनप्रतिनिधियों पर दर्ज आपराधिक मामले की अद्यतन स्थिति अदालत में पेश करने को कहा था। अदालत के आदेश के आलोक में राज्य सरकार और ईडी ने अदालत में अपना जवाब सौंप दिया है। पूर्व में अदालत ने सीबीआई को भी जवाब पेश करने को कहा था, लेकिन सीबीआई द्वारा समय से जवाब पेश नहीं किया जा सका। अदालत ने फिर से सीबीआई को समय देते हुए अद्यतन जवाब पेश करने को कहा है।

# रांची के सात थानेदार बदले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सात थानेदारों समेत 12 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। रविवार देर रात एसएससी कार्यालय से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला हुआ है, उन्हें संबंधित थाने में अभिलंब योगदान देने का आदेश दिया गया है।

**ब्रजेश कुमार को रिम्स का सुरक्षा प्रभारी बनाया गया :** अनगड़ा थानेदार ब्रजेश कुमार को रिम्स का सुरक्षा प्रभारी बनाया गया है। रिम्स सुरक्षा प्रभारी नवीन कुमार को अनगड़ा का नया थानेदार बनाया गया है। मुरी ओपी के प्रभारी बबलू कुमार को नामकुम थाना में योगदान देने का आदेश दिया गया है। सुखदेवनगर थाना के एसआई विपुल कुमार ओझा को मुरी ओपी का नया प्रभारी बनाया गया है। खादगढ़ा टीओपी प्रभारी सतीश वर्णवाल को सोनाहातू का थानेदार बनाया गया है।

### मुकेश हेंब्रम को बेड़ो का नया थानेदार बनाया



नामकुम थाना के एसआई आकाश भारद्वाज को खादगढ़ा टीओपी प्रभारी बनाया गया है। सोनाहातू थानेदार मुकेश कुमार हेंब्रम को बेड़ो का नया थानेदार बनाया गया है। पंडरा ओपी प्रभारी चंद्रशेखर और बेड़ो थानेदार मनीष कुमार गुप्ता को भी पुलिस केंद्र रांची में पदस्थापित किया गया है। नामकुम थाना के एसआई शिव नारायण तिवारी को पंडरा ओपी का प्रभारी बनाया गया है। ईटकी थानेदार रजनी रंजन को सुखदेवनगर थाना में पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा तमाड़ थाना के एसआई अमित प्रशांत को ईटकी का नया थानेदार बनाया गया है।

# हे भगवान! मुझे मौत दे दे...

## रिम्स के न्यूरो वार्ड में जिंदगी और मौत से जूझ रही है गीता देवी

**समीर**

**रांची।** इस जीवन में हर कोई पूरी जिंदगी जीना चाहता है पर, राजधानी रांची में एक महिला ऐसी भी है, जो ईश्वर से खुद के लिए मौत मांग रही है। रिम्स में भर्ती गीता देवी को अब जिंदगी जीने की इच्छा नहीं रही। वह खुद कष्ट में रहकर अपने परिवार को कर्ज का हकदार नहीं बनाना चाहती। 35 साल की गीता मेन रोड रांची में रहती है। वर्तमान में वह खुद से निराश है।



गीता अपने घर की एक कमाऊ महिला है। वह रांची के एक प्रतिष्ठान में सेल्समैन का काम कर अपने और अपने परिवार का जीविका चलाती थी लेकिन, 22 दिनों से वह रिम्स के न्यूरो वार्ड में एक गंभीर बीमारी से ग्रसित है, लेकिन उसका सही ट्रीटमेंट नहीं हो पा रहा है। गीता को कई डॉक्टरों ने देखा, लेकिन उसे क्या बीमारी है, अबतक पता नहीं चल पाया है।

आर्थिक तंगी के कारण वह खुद अपना इलाज नहीं करा पा रही है। उसे तीन बेटियां और एक बेटा है। पति भी बेरोजगार है। ऐसे में गीता को अपने बेटों के द्वारा इलाज के लिए रिश्तेदारों से कर्ज लेने से भी मना कर रही है। पर, मां तो मां होती है, इसके लिए बेटे अपनी मां के इलाज के लिए रिश्तेदारों से कर्ज ले रहे हैं, ताकि उसकी मां ठीक हो जाए।

बेटे आर्यन कुमार के मुताबिक, उसकी मां का इलाज डॉ अनिल कुमार की देखरेख में चल रहा है। अबतक हजारों रुपए खर्च हो चुके हैं, एक स्लाइन की कीमत 2500 रूपए है, जिसका भुगतान कर्ज लेकर किया जा रहा है।

## बिहार के औरंगाबाद में सात सीआरपीएफ जवानों की हत्या करने का है आरोप

### झारखंड पुलिस के समक्ष सरेंडर किया तो उसके पास भी मिला एके-56

# बिहार के गया जिले के नक्सलियों के पास एके- 56, होता है झारखंड में इस्तेमाल!

**कुबेर सिंह**

**रांची।** झारखंड पुलिस ने भाकपा माओवादियों के जिन जोनल कमांडर अभिजीत यादव उर्फ टिंगू उर्फ लखन यादव को सरेंडर कराया है, वह पांच माह पूर्व ही गया पुलिस के हत्थे चढ़ चुका था। कोई गवाही नहीं होने के कारण वह जेल से छूट गया था। अभिजीत यादव पर बिहार सरकार ने 50 हजार रुपए का इनाम रखा था, जबकि अभिजीत पर झारखंड सरकार की ओर से 10 लाख का इनाम घोषित है। पुलिस ने उस वक्त भी अभिजीत यादव को उसके एक सहयोगी महावीर यादव के साथ एके-56 के तहत गिरफ्तार किया था।

पूछताछ में उसने बताया था कि संगठन की ओर से बिहार में रह रहे जोनल कमांडर स्तर के नक्सलियों को एके-56 दिया जाता है। झारखंड पुलिस के समक्ष जब उसने सरेंडर किया तो उसके पास से भी एके-56 से मिले। हालांकि, झारखंड के वरीय अधिकारी अभिजीत के मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

### 13 साल से फरार था, औरंगाबाद लैंडमाइंस विस्फोट का आरोपी

झारखंड के 10 लाख का इनामी और बिहार का 50 हजार का इनामी कुख्यात नक्सली अभिजीत यादव और महावीर यादव को गया पुलिस और एसएसबी 29 बटालियन की टीम ने धनगाई थाना क्षेत्र के दुआरी जंगल से गिरफ्तार किया था। कुख्यात नक्सली अभिजीत यादव द्वारा वर्ष 2016 में औरंगाबाद के ढिबरा थाना क्षेत्र के काला पहाड़ पर आइडी लगाकर 7 जवानों की हत्या कर दी गई थी। जोनल कमांडर अभिजीत यादव की गिरफ्तारी करने में बिहार और झारखंड की पुलिस पिछले 13 सालों से विफल थी। औरंगाबाद लैंड माइंस ब्लास्ट का मास्टरमाइंड है। धनगाई थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नक्सली अभिजीत यादव को बीते नवंबर में ही भाकपा (माओवादी) ने उसे जोनल कमांडर का बनाया गया था। अभिजीत पर झारखंड पुलिस ने दस लाख रुपए और बिहार पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

### 2009 में झारखंड में सक्रिय हुआ था अभिजीत

अभिजीत यादव वर्ष 2009 से झारखंड और बिहार के गया और औरंगाबाद में नक्सली कांडों को अंजाम देता आ रहा था लेकिन कभी पकड़ा नहीं गया था। उसके खिलाफ ईडी ने 2021 में कार्रवाई करते हुए पलामू स्थित छह बड़े-बड़े प्लाट को जब्त किया था। उसने पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र में भी अपना ठिकाना बनाया था। इडी ने फरवरी 2021 उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जमीन और उसके खाते से 16.49 लाख रुपए जब्त किए थे। अभिजीत यादव पर जबरन वसूली, आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप है। बिहार के गया, औरंगाबाद और झारखंड के पलामू जिले में चल रहे विभिन्न सरकारी विकास कार्यों से अवैध रूप से लेवी वसूलने के आरोप में उसके खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज है। इडी ने अभिजीत यादव और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की कई धाराओं के तहत दर्ज तीन एफआईआर के आधार पर पीएमएलए के तहत अपनी जांच शुरू की थी। ईडी ने अभिजीत यादव और उनकी पत्नी गीता देवी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में अदालत के समक्ष आरोप पत्र भी दायर किया है।

### अमरजीत यादव ने बताया- जमीन विवाद के कारण बना था नक्सली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खुद की जमीन बचाने के लिए माओवादी संगठन के जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ टिंगू उर्फ लखन यादव नक्सली संगठन में शामिल हो गया था। वह वर्ष 2006 में नक्सली संगठन में शामिल हुआ। बिहार के गया जिले में स्थानीय होने के कारण संगठन ने उसे अन्य ग्रामीणों को माओवाद में जोड़ने के लिए टास्क दिया था ताकि ग्रामीण स्तर पर संगठन को मजबूत बनाया जा सके। वर्ष 2006 में अमरजीत के दुर्दांत रवैये के कारण कमांडर प्रताप दास के नेतृत्व में सात जगहों की कमान सौंपी गयी। 2008 में एरिया कमांडर बनाया गया। वर्ष 2021 में इन्हें कौलेश्वरी जोन का जोनल कमांडर बनाया गया था। अमरजीत यादव नक्सली मुठभेड़ में शामिल सैक सदस्य गौतम पासवान का दाहिना हाथ था। अमरजीत यादव पर चतरा में 41, बिहार के गया में 40 कुल 81 मामले दर्ज है। जबकि सहदेव यादव को चौपारण एरिया का प्रभार दिया गया। वर्ष 2014 में संदीप यादव के नेतृत्व में सब जोनल कमांडर बनाया गया। सहदेव पर चतरा में 26,हजारीबाग में एक, बिहार के औरंगाबाद में 10, बिहार के गया में 16 कुल 53 मामले दर्ज है। इसके अलावा नीरु यादव पर चतरा में 27, हजारीबाग में एक, बिहार के गया में 19 और बिहार के औरंगाबाद में 13 कुल 60 मामले दर्ज है।

इसी प्रकार संतोश भुईंया पर चतरा में 19, बिहार के गया में पांच और औरंगाबाद में तीन कुल 27 एवं अशोक बैगा के खिलाफ चतरा में दो मामले दर्ज है।

# वर्ल्ड थैलीसिमिया डे पर सदर हॉस्पिटल में कार्यक्रम संपन्न



**खबर मन्त्र सवाददाता**

**रांची।** वर्ल्ड थैलीसिमिया डे के मौके पर सोमवार को सदर अस्पताल के थैलीसिमिया डे केयर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड के पहले हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक रंजन ने अस्पताल में आए थैलीसिमिक बच्चों के अभिभावकों को बीमारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थैलीसिमिक बच्चों में ब्लड ट्रांसप्लांट कितना जरूरी है। सामान्य तौर पर एक मनुष्य का हीमोग्लोबिन 12-13 ग्राम होने पर इसे ठीक माना जाता है, जबकि महिलाओं में 11-12 सामान्य है। यदि इससे एक-दो ग्राम भी कम होने पर सामान्य मनुष्य की स्थिति बिगड़ने लगती है, तो सोचने वाली बात है कि एक थैलीसिमिक बच्चे का हिमोग्लोबिन 3-4 ग्राम तक पहुंच जाता है, तो यह कितना खतरनाक है। हीमोग्लोबिन का स्तर ठीक रखने के लिए ही एक-एक थैलीसिमिक मरीज को जरूरत के अनुसार दो से चार बार तक ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराने की आवश्यकता होती है। ब्लड ट्रांसफ्यूजन में देरी के कारण उनकी जान भी जा सकती है।

**हीमोग्लोबिन 9 के नीचे आए तो फौरन कराएं ट्रांसफ्यूजन :** डॉ. अभिषेक रंजन ने कहा कि एक थैलीसिमिक बच्चे को लेकर अभिभावकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। यह ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि कभी भी हीमोग्लोबिन 9 के नीचे आ जाए तो फौरन मरीज का ब्लड ट्रांसफ्यूजन करायें। समय पर खून नहीं चढ़ने के कारण अक्सर देखा जाता है कि बच्चों का शारीरिक ग्रोथ रुक जाता है। मानसिक ग्रोथ भी धीमा हो जाता है। इन बच्चों की लंबाई बढ़नी रुक सकती है। दूसरे अंगों का भी विकास नहीं हो पाता है।

